सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 270 / सो.आ.नि.–117 / 2014
दिनाँकः 08 अगस्त, 2014

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः **सोशल आडिट की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 11–8–2014 में जिला विकास अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस निदेशालय के पत्र संख्या 259 / सो.आ.नि.–117 / 2014 दिनांक 02–8–2014 का संदर्भ ग्रहण करें। कतिपय जनपदों द्वारा सूचना प्राप्त हुई है कि शासकीय कार्य में अन्यत्र व्यस्त होने के कारण उनके द्वारा अपने स्थान पर जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर को उक्त समीक्षा बैठक दिनांक 11–8–2014 में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि निदेशालय स्तर पर जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों की बैठक दिनांक 05–8–2014 को की जा चुकी है। अतः जिला सोशल आडिट कोआर्डिनेटर को बैठक दिनांक 11–8–2014 में प्रतिभाग किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

अनुरोध है कि कृपया प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में पी0सी0एफ0 भवन, लखनऊ के सभाकक्ष में दिनांक 11–8–2014 को आयोजित सोशल आडिट की वृहद समीक्षा बैठक में पूर्वान्ह 10.30 बजे आप स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शंकर सिंह)
निदेशक।

प्रतिलिपि :–

समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित कि निदेशालय स्तर पर आयोजित बैठक दिनांक 11–8–2014 को जिला विकास अधिकारी द्वारा स्वयं प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

(शंकर सिंह)
निदेशक।